**Answer: A विस्तार: भारतीय वायुसेना के सबसे बड़े युद्धाभ्यास 'आयरन फिस्ट 2016' का आयोजन 18 मार्च को राजस्थान के थार रेगिस्तान के ऐतिहासिक पोखरन रेंज में देश में विकसित हल्का लड़ाकू विमान तेजस के साथ कुल मिलाकर 181 विमानों को एक साथ ऑपरेट किया जाएगा। इस युद्द अभ्यास में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेगें। फिस्ट में दुनिया की बेहतरीन लड़ाकू मशीन सुखोई-30 एमकेआई, भरोसेमंद और दुश्मनों को पल में धूल चटा देने वाला मिग-29 - मिराज और जगुआर की प्रहारक क्षमता का प्रदर्शन होगा। इसके अलावा सुखोई, आकाश मिसाइल सिस्टम, रोहिणी रडॉर और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम की बेहतरीन जुगलबंदी भी पोखरन में देखने को मिलेगी।**

## अनिकेत चौधरी को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पुरस्कार




उदयपुर के अनिकेत चौधरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले टाउनहॉल कार्यक्रम में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया जिसमे उन्हें पीएम मोदी के हाथों एक लाख रुपए का चेक और प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर भारत सरकार की साइट 'mygov' पर नंवबर 2015 में एक भारत, श्रेष्ठ भारत योजना के तहत एक कम्प्टीशन आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर में 3500 लोगों से मिले 50 हजार सुझावों में अनिकेत का सुझाव सबसे श्रेष्ठ रहा। अनिकेत चौधरी ने सुझाव दिया था कि बच्चों में संस्कृति के प्रति गर्व की भावना पैदा करें। एक राज्य की संस्कृति व विशेषताओं की जानकारी अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को हो। जानकारी का स्तर बढ़ाया जाए। बच्चों के बीच सांस्कृतिक, ज्ञान, कहानी आदि प्रतियोगिताएं हों। अनिकेत चौधरी उदयपुर में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग और आईआईएम-रायपुर से एमबीए करने के बाद अनिकेत जम्मू-कश्मीर में प्रधानमंत्री ग्रामीण विकास कार्यक्रम में फैलो के रूप में कार्यरत हैं।

## राजस्थान सरकार ने पर्यटन प्रोत्साहन हेतु सिंगापुर के साथ समझौता किया

राजस्थान में पर्यटन को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार ने सिंगापुर के साथ समझौता किया है. प्रदेश की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीएन लूंग की मौजूदगी में होटल उदय विलास में दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए.

प्रथम समझौता पत्र पर इंटरनेशनल इन्टरप्राइजेज सिंगापुर के एसीईओ टैन सून किम तथा राजस्थान सरकार के आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव मुकेश कुमार शर्मा ने हस्ताक्षर किए. द्वितीय समझौता पत्र पर सिंगापुर कार्पोरेशन इन्टरप्राइजेज के सीईओ श्री कांग वे मुन तथा राज्य की पर्यटन सचिव रोली सिंह ने हस्ताक्षर किए.

समझौते पर उदयपुर के होटल उदयविलास में इंटरनेशनल इंटरप्राइजेज सिंगापुर और राजस्थान सरकार के टूरिज्म एंड अरबन सोल्यूशन्स और टूरिज्म एंड कनेक्टिविटी केपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम हेतु यूडीएच एवं सिंगापुर कॉपरेशन एंटरप्राइजेज ने हस्ताक्षर किए.
मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और सिंगापुर के पीएम ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर टूरिज्म ट्रेनिंग का शुभारंभ किया. यह टूरिज्म ट्रेनिंग केंद्र सुखाड़िया विश्वविद्यालय परिसर में सिंगापुर सरकार के सहयोग से स्थापित किया गया है. इस सेंटर में अन्तरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप टूरिज्म विकास हेतु पांच कोर्स संचालित किए जाएंगे.

**समझौता का उद्देश्य-**

समझौता पर्यटन एवं संरचनात्मक विकास के क्षेत्र में सहयोग एवं प्रोत्साहन हेतु किया गया है.
समझौते से जयपुर से चांगी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच बेहतर कनेक्टिविटी व ज्यादा फ्लाइट्स से नई

संभावनाएं विकसित होंगी.

पर्यटन विभाग को राज्य मे पर्यटकों की सुख-सुविधाएं बढ़ाने एवं पर्यटन क्षेत्र की विकास गतिविधियों में सिगापुर की कम्पनियां सहयोग प्रदान करेंगी.

राजस्थान को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक गंतव्य के रुप में स्थापित किया जाएगा.

राजस्थान की राजधानी जयपुर को स्मार्ट सिटी के रुप में विकसित करने हेतु सिंगापुर एवं राजस्थान अब मिलकर कार्य करेंगे.

**पृष्ठ भूमि-**

इंटरनेशनल इन्टरप्राइजेज अपने सहयोग संस्थानों के माध्यम से राज्य में सोलर ऊर्जा के विकास एवं दूषित जल के प्रबंधन के क्षेत्र में पूर्व से ही सहयोग कर रहा है.

हाल ही में सिंगापुर की स्कूट एयरलाइन द्वारा जयपुर के लिए सीधी हवाई सेवा की शुरुआत की गयी है.

## राजस्थान अंशकालिक श्रमिकों हेतु न्यूनतम मजदूरी लागू करने वाला पहला राज्य बना

अंशकालिक श्रमिकों हेतु न्यूनतम मजदूरी लागू करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है. राज्य के श्रम विभाग ने 06 जुलाई 2016 को इस सिलसिले में अधिसूचना भी जारी कर दी है.

**अधिसूचना से अंशकालिक श्रमिकों को होने वाले लाभ-**

अधिसूचना के अनुसार जो भी श्रमिक एक दिन में चार घंटे से कम काम करेगा, उसे न्यूनतम मजदूरी की पचास प्रतिशत राशि दी जाएगी.

इस अधिसूचना के जारी होने के साथ ही अंशकालिक श्रमिक न्यूनतम वेतन कानून 1948 के तहत लाभान्वित होने लगेंगे.

एक अन्य फैसले में सरकार ने सभी वर्गों में न्यूनतम वेतन राशि में 104 रूपये प्रतिमाह की वृद्धि कर दी है.

राजस्थान सरकार के 51 क्षेत्रों में कार्यरत लाखों श्रमिकों को लाभ मिलेगा.

अन्य राज्यों के मुकाबले राजस्थान में मजदूरी दर अब काफी अधिक हो गई है.

न्यूनतम मजदूरी दरों में इजाफे का लाभ प्रदेश के कारोबार उद्यम को भी मिलेगा.

## राजस्थान सरकार ने वायु गुणवत्ता सूचकांक जाँच हेतु राज वायु मोबाइल ऐप का शुभारम्भ किया

राजस्थान सरकार ने 5 जून 2016 को प्रदेश के तीन शहरों जयपुर, जोधपुर और उदयपुर की हवा में प्रदूषण के स्तर की जानकारी और चेतावनी देने हेतु मोबाइल एप राजवायु लॉन्च किया. एप्लिकेशन राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर लॉन्च किया.

राजस्थान ऐसा पहला राज्य है, जिसने राज्य स्तर पर यह एप लॉन्च किया है. इस एप पर प्रदूषण और मौसम के अनुरूप चेतावनी और हेल्थ एडवाइजरी भी जारी की जाएगी. इसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है.

**राज वायु ऐप की मुख्य विशेषताएं-**

• राज वायु एप्लिकेशन पर उपलब्ध कराई गई सूचना

परिष्कृत हवा की गुणवत्ता की निगरानी उपकरण और मौसम सेंसर द्वारा एकत्र आंकड़ों पर आधारित है.

• अनुप्रयोग को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (आरएसपीसीबी)/(RSPCB) भारतीय मौसम विज्ञान के उष्णकटिबंधीय संस्थान से (आईआईटीएम) ने संयुक्त रूप से डिजाइन किया है.

• यह एप रिहायशी और पर्यटन स्थलों पर हवा की गुणवत्ता और प्रदूषण स्तर के बारे में ओक्साइड्स ऑफ़ सल्फर, नाइट्रोजन (SOx), (NOx), कार्बन मोनो ओक्साइड, ओजोन कणों और पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) की जानकारी उपलब्ध कराएगा.

• यह तापमान, हवा की गति, आर्द्रता, मौसम पूर्वानुमान और परामर्श भी उपलब्ध कराएगा.

• यह एप्लिकेशन वायु गुणवत्ता और मौसम के पूर्वानुमान की प्रणाली रिसर्च (सफ़र-भारत) / (SAFAR-India) पर आधारित है. जो वर्तमान में दिल्ली, मुंबई और पुणे से जुड़ा हुआ है.

• 2017 तक इसकी सेवाओं का अजमेर, अलवर, भिवाड़ी, कोटा और पाली में सहित राज्य के अन्य शहरों में विस्तार किया जाएगा.

**प्रोजेक्ट डायरेक्टर के बारे में-**

• इस प्रोजेक्ट के डायरेक्टर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वैज्ञानिक गुफरान बेग मूलत: उदयपुर के ही रहने वाले हैं.

• उदयपुर शहर के प्रदूषण के साथ ही तापमान, आर्द्रता और वायु की दिशा की जानकारी भी मिल पाएगी.

• इससे पहले दिल्ली, मुंबई और पुणे शहर के लिए इस तरह के एप लॉन्च किए गए.

## जस्टिस नवीन सिन्हा ने राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली



जस्टिस नवीन सिन्हा ने राजभवन में 14 मई 2016 को राजस्थान हाईकोर्ट के 34वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली. उनका कार्यकाल अगस्त 2018 तक रहेगा. राजभवन में हुए शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल कल्याण सिंह ने जस्टिस सिन्हा को मुख्य न्यायाधीश की शपथ दिलाई.

जस्टिस नवीन सिन्हा छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से तबादला होकर राजस्थान आए हैं.

**जस्टिस नवीन सिन्हा के बारे में:**

• नवीन सिन्हा का जन्म 19 अगस्त 1956 को हुआ है.

• उन्होंने 23 वर्षों तक पटना हाईकोर्ट में वकालत की.

• सिविल संवैधानिक, श्रम सेवा, वाणिज्य मामलों में उनकी विशेषता रही है.

• 11 फरवरी 2004 को पटना हाईकोर्ट में जस्टिस के पद पर उनकी नियुक्ति हुई.

• जुलाई 2014 में उनका पटना से बिलासपुर तबादला किया गया.

• जस्टिस सिन्हा 9 जुलाई 2014 से लेकर 10 मई 2015 तक छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे.

## राजस्थान शहरी भूमि ( सर्टिफिकेशन ऑफ टाइटिल्स) विधेयक 2016 पारित

अप्रैल 2016 के पहले सप्ताह में राजस्थान विधानसभा ने राजस्थान शहरी भूमि (सर्टिफिकेशन ऑफ टाइटिल्स) विधेयक 2016 पारित कर दिया. इसके साथ ही राजस्थान लैंड टाइटिल बिल लाने और पारित करने वाला पहला राज्य बन गया है.

विधेयक जो मालिक को स्पष्ट टाइटिल देगा और अदालतों में मुकदमों की संख्या कम हो जाएगी,को ध्वनिमत से पारित किया गया. इस विधेयक का उद्देश्य मामूली शुल्क लेकर स्वामित्व का प्रमाणपत्र जारी कर शहरी इलाकों में गैर– कृषि भूमि की खरीद और बिक्री में होने वाली धोखाधड़ी के मामलों को कम करना है.

**विधेयक की विशेषताएं–**

• नगरपालिकाओं या राज्य विकास प्राधिकरणों द्वारा शासित शहरी क्षेत्रों में रहने वाले राज्य के निवासी राज्य सरकार को मामूली शुल्क का भुगतान कर अपने जमीन पर स्वामित्व का प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं.

• राज्य सरकार एक प्राधिकरण बनाएगी जिसका मुखिया भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होगा.

• यह जमीन के मालिकों से सभी दस्तावेज प्राप्त करेगा और राज्य के रिकॉर्ड से इसकी सत्यापन करेगा.

• अधिकारी पहले अस्थायी प्रमाणपत्र जारी करेगा, जिसकी गारंटी राज्य सरकार नहीं लेगी. अगर इस पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति या विवाद पैदा नहीं होता है तब अधिकारी राज्य की गारंटी के साथ एक प्रमाणपत्र और मानचित्र मालिक को जारी करेगा.

## कच्छबली गांव राजस्थान का पहला शराब मुक्त गांव बना

राजस्थान के राजसमंद जिले की भीम तहसील में स्थित कच्छबली गांव पहला ऐसा गांव बना जिसमें शराबबंदी के लिए बहुमत में मतदान किया गया.

यह सर्वेक्षण आबकारी विभाग द्वारा 29 मार्च 2016 को आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 94 प्रतिशत लोगों ने गांव में पूरी तरह शराबबंदी के लिए वोट किया. यह मतदान राजस्थान आबकारी नियमों के तहत आयोजित किया गया. इसके अनुसार कोई भी पंचायत गांव के 50 प्रतिशत लोगों द्वारा शराबबंदी के हक में वोट करने पर शराब की दुकान बंद कर सकती है.

यह अभियान सरपंच गीता द्वारा गणतंत्र दिवस-2016 को आरंभ किया गया, जिसके चलते गांव में 29 फरवरी 2016 को मतदान आयोजित किया गया.

**राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1975**

• राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1975 को पहली बार राज्य में किसी शराब की दुकान बंद करने के लिए प्रयोग किया गया.

• इसके अनुसार 51 प्रतिशत पंजीकृत मतदाता यदि शराब की दुकान बंद कराने के लिए मत दें तो इसे लागू

किया जा सकता है.

• मतदान आयोजित किये जाने से पूर्व ग्राम पंचायत अथवा नगर निगम वार्ड के 20 प्रतिशत मतदाताओं का जनमत संग्रह के लिए सहमत होना आवश्यक है जिसके लिए उन्हें जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर सूचित करना होगा.

## विश्व बैंक बोर्ड द्वारा राजस्थान में बिजली वितरण क्षेत्र में सुधारों के लिए 250 मिलियन डॉलर के ऋण को

25 मार्च 5016 को विश्व बैंक बोर्ड ने राजस्थान के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के विकास नीति ऋण (डेवलपमेंट पॉलिसी लोन– डीपीएल) को मंजूरी दे दी. यह ऋण राजस्थान सरकार को राज्य में सभी कार्यक्रमों के लिए 24X7 बिजली ( 24X7 पावर फॉर ऑल प्रोग्राम) के तहत बिजली वितरण क्षेत्र में राज्य के प्रदर्शन में सुधार हेतु दिया गया .

राजस्थान के लिए पहली प्रोग्रामेटिक इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन रिफॉर्म डेवलपमेंट पॉलिसी लोन ( बिजली वितरण सुधार विकास नीति ऋण) राजस्थान के बिजली वितरण क्षेत्र में व्यापक बदलाव हेतु किए जाने वाले दो ऑपरेशनों की श्रृंखला की पहली कड़ी होगी.

**प्रमुख क्षेत्र जिन्हें सहयोग प्रदान किया जायेगा**

• उपयोगिताओं को अधिक संचालन स्वायत्तता प्रदान कर राज्य में वितरण क्षेत्र में प्रशासन को मजबूत बनाना.

• आपूर्ति लागत और राजस्व वसूली के बीच की खाई को कम करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना

• प्रदर्शन में सुधार करने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहन प्रदान करना.

• राज्य को डिसकॉम (DISCOMs) के कर्ज की काफी धनराशि हस्तांतरित कर वित्तीय पुनर्गठन और इस क्षेत्र में वसूली करना.

• राजस्व की आवश्यकताओं की दिशा में डिसकॉम (DISCOMs) के नियामक आयोगों में जमा में अधिक अनुशासन लाना और ऊर्जा की खरीद लागत को कम करने की दिशा में पहल करना.

• डिसकॉम (DISCOMs) के संचालन प्रदर्शन में सुधार लाना

इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) से मिले ऋण में 5 वर्षों की रियायत अवधि (ग्रेस पीरियड) है और इसकी परिपक्वता अवधि 18 वर्ष की है.

**बिजली वितरण क्षेत्र सुधारों में राजस्थान सरकार द्वारा उठाए गए कदम**

• राजस्थान सरकार ने बिजली वितरण प्रबंधन जवाबदेही अध्यादेश ( किसी भी भारतीय राज्य में अपनी तरह का पहला) जारी और अधिसूचित किया है. अध्यादेश में वित्तीय पुनर्गठन, दीर्घकालिक योजना, कॉरपोरेट प्रशासन, नियामक अनुपालन और नीति निर्देश का प्रावधान है.

• इस क्षेत्र में बेहतर जवाबदेही के लिए डिसकॉम (DISCOMs) के प्रबंधन के साथ स्पष्ट प्रदर्शन लक्ष्यों को निर्धारित करने का फैसला किया गया है, इसके लिए, राज्य सरकार और तीन डिसकॉम (DISCOMs) में से प्रत्येक के साथ वार्षिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर

हस्ताक्षर किया जाएगा.

• डिसकॉम (DISCOMs) ने कर्मचारी प्रदर्शन प्रोत्साहन योजनाएं बनाईं हैं जो कर्मचारियों को उनके सब–डिविजनों में एकीकृत तकनीकी एवं व्यावसायिक (AT&C) घाटे को कम करने में उनके प्रदर्शन के आधार पर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है.

• राज्य और डिसकॉम (DISCOMs) ने उदय (UDAY) कार्यक्रम को लागू करने के लिए केंद्र सरकार के साथ त्रिपक्षीय समझौता किया है.

• राज्य ने राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमि. की भी स्थापना की है. यह एक ऐसी कंपनी है जिससे डिसकॉम (DISCOMs) की तरफ से बिजली की खरीद को अनुकूल करने की उम्मीद की गई है.

• वितरण हानि को कम करने के लिए कई उपाय किए गए हैं जैसे स्मार्ट और प्री–पेड मीटरिंग, नियमित ऊर्जा ऑडिट, एकीकृत बिलिंग प्रणाली, आईटी प्रणालियों का अधिक प्रयोग और कर्मचारियों का प्रभावी कार्य.

## राजस्थान बजट 2016-17

राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने 8 मार्च 2016 को राज्य का वर्ष 2016-17 का बजट विधान सभा में पेश किया.

**संबंधित मुख्य तथ्य:**

- वर्ष 2016-17 के बजट में कुल राजस्व आय 123250 करोड रुपए का अनुमान
- राजस्व घाटा 8800 करोड़ रहने का अनुमान
- लीज दस्तावेज पर स्टाम्प ड्यूटी खत्म
- करों में करीब 325 करोड़ की राहत
- फूड प्रोसेसिंग पार्क के लिए अतिरिक्त रियायत
- भू रूपांतरण की छूट 50 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी
- लग्जरी टैक्स में संशोधन का प्रस्ताव, आयातित माल पर 5.5 फीसदी टैक्स का प्रस्ताव
- ई ट्रांजिक्ट पास दिए जाएंगे
- ई कॉमर्स पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमों में संशोधन, 5-5 की दर से कर आरोपित
- 5000 छोटे डीलर्स को डिजिटल हस्ताक्षर की सुविधा
- 10 लाख के एजुकेशन लोन पर स्टांप ड्यूटी समाप्त, संपत्ति के रजिस्ट्रेशन में छूट
- पुलिस आधुनिकीकरण के लिए 134 करोड़
- स्मार्ट सिटी के लिए 400 करोड़ का प्रावधान, सीवरेज परियोजना के लिए 73 करोड़
- शमशानों और कब्रिस्तानों के विकास के लिए 100 करोड़ का प्रावधानः सीएम
- अजमेर में 4 करोड़ की लागत से बनेंगे 4 ऑपरेशन थिएटर
- भामाशाह योजना एक्ट की घोषणा
- बैंकों की 500 नई शाखाए खुलेंगी
- 40 गांवों की सहभागिता से मिनी बैंक काम करेंगे
- ग्रामीण विकास और पंचायतीराज के लिए 15 हजार 378 करोड़ का प्रावधान
- पंचायतीराज संस्थाओं को मजबूत और पारदर्शी बनाया जाएगा
- नगरीय विकास के लिए 6 हजार 642 करोड़ का प्रावधान
- प्रदेश के 37 शहरों में जल वितरण और सीवरेज से जुड़े कार्य हेतु 4200 करोड़ रुपए का प्रावधआन
- स्कूली शिक्षा के लिए 23 हजार 177 करोड़ का प्रावधान
- आईटीआई के लिए 213 करोड़ रुपए का बजट
- ग्रीन हाउस पर सब्सिडी बढ़कर 70 फीसदी
- राजस्थान में भंडारण क्षमता के विकास के लिए 162 करोड़

रुपए

- 12,000 करोड़ की लागत से सिंचाई व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा
- इंदिरा गांधी नहर परियोजना के लिए 377 करोड़
- पशु चिकित्सा के क्षेत्र में पढ़ रहे छात्रों को 10,000 रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी
- फसल बीमा योजना के लिए 676 करोड़, ई मंडी की स्थापना होगी
- पर्यटन विकास के लिए 62 करोड़ 16 लाख रुपए
- हवाई पट्टियों के विकास के लिए 17 करोड़ 80 लाख
- 13 लंबित परियोजनाओं के लिए 831 करो़ड़ रुपए

**खेल**

- एसएमएस स्टेडियम में खिलाड़ियों के ठहरने के लिए खेल भवन का निर्माण
- प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी 14 खेलों के लिए खेल प्रतिभा खोजने प्रतियोगिता होगी। -इसमें 10वीं से 12वीं तक के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा
- राज्य व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वालों को कई विभागों में नियुक्ति देने की घोषणा
- खींवसर जिला नागौर में इंडोर वॉल का निर्माण कराया जाएगा
- कई स्टेडियमों के लिए 17 करोड़ रुपए का प्रावधान
- खेल अकादमी की स्थापना के लिए योजना बनाई जाएगी
- हर साल कक्षा 8 से 12 तक की छात्राओं के लिए योजना
- कबडडी व हॉकी के लिए एक एक राज्यस्तरीय टीम को रीको व आरएसएमएस स्पाँसर करेगी

**शिक्षा**

- राज्य सरकार की ओर से स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल जैसी योजनाओं के लिए 23 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान
- नए मॉडल स्कूलों का निर्माण किया जाएगा. कक्षा 6 से 8 तक के स्कूल संचालित होंगे.
- मार्च 2016 तक 6 और बालिका छात्रावासों का निर्माण कराया जाएगा
- 290 के अलावा 380 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा का प्रावधान किया जाएगा
- प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए 180 करोड़ रुपए की लागत से 1600 से अधिक कक्षा कक्ष, आर्ट एंड क्राफ्ट रूम का निर्माण कराया जाएगा
- राज्य में 60 भवनों का निर्माण जर्जर भवनो वाली स्कूलों के लिए कराया जाएगा
- आठवीं, 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स को लेपटॉप वितरण किया जाएगा. साइकिल वितरण के लिए 85 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 5 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर पढ़ने जाने वाली बालिकाओं को ट्रांसफर बाउचर्स का लाभ दिया जाएगा
- संस्कृत भाषा के महापुरा जयपुर स्कूल को क्रमोन्नत किया जाएगा प्रशिक्षण के लिए
- कॉलेज और यूनिवर्सिटीज के लिए 175 करोड़ की ग्रांट का प्रावधान
- खाजूवाला बीकानेर, करणपुर, रावतभाटा, खचिड़ावा, खींवसर व बड़ी सादड़ी में नए को-एड कॉलेज
- कई कॉलेजों में नए विषयों की कक्षाओं के खोले जोन का प्रावधान
- सीकर व झालावाड़ समेत कई जिलों में कॉलेजों में वाईफाई सुविधा

**स्वास्थ्य सेवा**

- कई स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में बैड बढ़ाए जाएंगे
- मेडिकल संस्थाओं में नई डेंटल सुविधाओं का प्रावधान

**रोजगार**

- राजस्थान अधीनस्थ बोर्ड का भवन बनाया जाएगा
- 7वें वेतनमान के केंद्र आदेश जारी करने के बाद रिवाइज वेतन के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी.
- सभी राज्य बीमा व जीपीएफ के ऋण संबंधी मामलों में लिए ई-पोर्टल बनाया जाएगा.
- सरकारी कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की राशि 2 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपए.

**सूचना एंव जनसंपर्क**

- जैसलमेर व चित्तौडगढ में नए सूचना केंद्र की घोषणा
- नीमराणा, चूरू, मूंडवा में उपकोष कार्यालय

**विधि एवं न्याय**

- मालाखेड़ अलव, जमवारामगढ़ जयपुर, बीकानेर में एक पारिवारिक न्यायालय, फतहपुर व खैरवाडा में अधीनस्थ न्यायालय खुलेंगे.

**राजस्व सैनिक कल्याण**

- राजस्व भवनों के विकास के लिए 163 करोड़ रुपए का प्रस्ताव. आधारभूत सुविधाओं के लिए भी राशि
- ई-धरती कार्यक्रम के तहत नक्शों को ऑनलाइन किया जाएंगा
- भू-प्रबंध अधिकारी कार्यालय में जीआईएस लैब की स्थापना होगी. सैनिक विश्राम गृह उदयपुर का अपग्रेडेटेशन
- सर्वात्तम युद्ध सेवा मेडल को 16 लाख रुपए देने की घोषणा.

## थावर चंद गहलोत ने विकलांग व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय नौकरी पोर्टल की शुरूआत की

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने 27 जनवरी 2016 को अलग तरह से सक्षम लोगों को समर्पित एक विशेष जॉब पोर्टल की शुरूआत की है. ‘‘सरकार का इरादा अलग तरह से सक्षम लोगों के कौशल प्रशिक्षण को उच्च प्राथमिकता देना है.

अगले तीन सालों में पांच लाख लोगों को कुशल बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित है.

कौशल प्रशिक्षण सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त ‘प्रशिक्षण सहयोगियों’ के 200 क्लस्टरों के एक नेटवर्क के माध्यम से दिया जाएगा.

इसके लिए एक समयबद्ध क्रियान्वयन योजना बनाई गई है.

सरकार निजी क्षेत्र से भी आग्रह करेगी कि प्रशिक्षण के बाद उन्हें नौकरी दी जाए.

मंत्रालय के तहत आने वाले विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग ने इस राष्ट्रीय स्तर के जॉब पोर्टल को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय विकलांग वित्त एंव विकास निगम की स्थापना की थी.

इस पोर्टल का पता डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट डिसएबिलटी जॉब्स डॉट जीओवी डॉट इन (www.disabilityjobs.gov.in) है.

इस राष्ट्रीय जॉब पोर्टल के जरिए अलग तरह से सक्षम लोग विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे जैसे कि स्वरोजगार ऋण, शिक्षा ऋण, कौशल प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति और नौकरियों के बारे में एकल खिड़की पर जानकारी इत्यादि.

## राजस्थान ‘‘उदय’’ योजना के तहत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला तीसरा राज्य

राजस्थान और राजस्थान के डिस्कॉम्स (जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) ने डिस्कॉम्स के परिचालन और वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए आज ‘‘उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना’’- उदय स्कीम के

अंतर्गत समझौता ज्ञापन पत्र पर 27 जनवरी, 2016 को हस्ताक्षर किये.

समझौता ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर केन्द्रीय विद्युत, कोयला और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार, पीयूष गोयल की उपस्थिति में किये गये.

उदय के अंतर्गत समझौते ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर करने वाला राजस्थान तीसरा राज्य है.

इससे पहले अन्य दो राज्य झारखंड और छत्तीसगढ़ समझौते ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर कर चुके हैं.

उदय योजना का शुभारंभ भारत सरकार ने 20 नवम्बर, 2015 को ऋण में डूबी विद्युत् वितरण इकाईयों की वित्तीय स्थिरता और विकास हेतु एक स्थायी और दीर्घकालिक समाधान को सुनिश्चित करने के लिए किया.

उदय के माध्यम से इन डिस्कॉम की वित्तीय और परिचालनगत हालत को सुधारते हुए सस्ती दरों पर पर्याप्त विद्युत की आपूर्ति और सभी के लिए 24 घंटे बिजली एवं 100 प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण की दिशा में सरकार के प्रयासों को सक्षम बनाने का एक प्रयास है.

30 सितम्बर 2015 को डिस्कॉम्स का बकाया ऋण 80500 करोड़ रूपए था. जिसमें से 75 प्रतिशत अर्थात 60500 करोड़ रूपए का वहन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा.

यह योजना 20000 करोड़ रूपए के शेष ऋण के लिए औसत वर्तमान ब्याज दर से भी कम करीब 3 प्रतिशत के कूपन मूल्यों का पुनर्मूल्य तय किए जाने अथवा राज्य द्वारा गारंटीकृत बांड्स की सुविधा भी प्रदान करती है.

राजस्थान डिस्काम्स के ऋण में कमी आने और शेष ऋण पर ब्याज दरों में कमी होने से वार्षिक ब्याज लागत में करीब 3000 करोड़ रूपए की बचत होगी.

राजस्थान और डिस्कॉम्स, अनिवार्य फीडर और वितरण ट्रांसफॉर्मर मीटरिंग, उपभोक्ता अनुक्रमण एवं घाटों की जीआईएस मैपिंग, ट्रांसफॉर्मरों के उन्नयन/ बदलाव, मीटर, उपभोक्ताओं की स्मार्ट मीटरिंग के माध्यम से परिचालनगत कुशलता लाने के प्रति वचनबद्ध है.

उदय में मांग से जुड़े पक्ष जैसे ऊर्जा-कुशल एलईडी बल्बों, कृषि पम्पों, पंखों और एयर-कंडीनरों एवं पीएटी (प्रदर्शन, प्राप्ति, व्यापार) के माध्यम से कुशल औद्योगिक उपकरणों के उपयोग से अत्यधिक मांग को घटाने, भार को बांटने और इस प्रकार से राजस्थान में ऊर्जा खपत को कम करने में मदद मिलेगी.

इससे होने वाले लाभ की संभावना वित्तीय वर्ष 2019 तक करीब 2000 करोड़ रूपए है.

राजस्थान को डीडीयूजीजेवाई, आईपीडीएस, विद्युत क्षेत्र विकास कोष जैसी केन्द्रीय योजनाओं अथवा एमओपी और एमएनआरई जैसी अन्य योजनाओं के माध्यम से अतिरिक्त/प्राथमिक वित्तपोषण प्रदान किया जाएगा.

इसके अतिरिक्त, कोल स्वैपिंग, कोल ग्रेड स्लिपेज में सुधार, 100 प्रतिशत धुले हुए कोयले की उपलब्धता जैसे अन्य लाभों से राज्य को विद्युत के मूल्यों को आगे और कम करने में सहायता मिलेगी.

राज्य को इन कोयला सुधारों से करीब 3000 करोड़ रूपए का लाभ होगा.

इससे 3 वर्षो में डिस्कॉम्स को करीब 150 करोड़ रूपए की ब्याज लागत बचत होने की संभावना है.

योजना से राजस्थान के उन करीब 396 ग्रामों और 30 लाख परिवारों को शीघ्रता के साथ बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी जहां आज भी बिजली नहीं हैं.

# राजस्थान: बॉर्डर पर अलर्ट के बाद अब सेना का ऑपरेशन सर्द हवा

पठानकोट में पाक आतंकी हमले के बाद राजस्थान के जैसलमेर में बीएसएफ ने  ऑपरेशन सर्द हवा शुरू कर दिया है. 17 जनवरी 2016 को शुरू होने वाली बीएसएफ की इस एक्सरसाइज को समय से पहले 11 जनवरी 2016 से पहले आरम्भ किया गया है.

**राजस्थान बॉर्डर पर बीएसएफ का रेड अलर्ट जारी-**

यह ऑपरेशन गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस पर हर साल शुरू किया जाता है, लेकिन इस बार इसकी अवधि बढ़ा दी गई है.

देश की पश्चिमी सीमा पर शीतलहर व धुंध के चलते सीमा पार से घुसपैठ की आशंका बढ़ जाती है.

समूची पश्चिमी सीमा पर बीएसएफ विशेष एक्सरसाइज ऑपरेशन अलर्ट सर्द हवा शुरू किया है.

यह ऑपरेशन 30 जनवरी तक चलेगा.

कड़ाके की ठंड के साथ ही सीमाई क्षेत्र इन दिनों कोहरे की चपेट में है. ऐसे में घुसपैठ की आशंका को देखते हुए बॉर्डर पर होने वाली हलचल पर चौकस निगरानी के लिए बीएसएफ ऑपरेशन सर्द हवा चला रही है.

इस अभियान में बीएसएफ की सभी शाखाओं के अधिकारी व जवान हिस्सा लेंगे.

**क्या है ऑपरेशन सर्द हवा-**

ऑपरेशन सर्द हवा में सीमा पर गश्त बढ़ा दी गई है.

चप्पे चप्पे पर बीएसएफ के जवान 24 घंटे निगरानी करेंगे.

इसके साथ ही कैमल व व्हीकल पेट्रोलिंग को भी बढ़ा दिया जाएगा.

सीमा चौकियों के पीछे रियर नाका भी लगाया जाएगा.

सेना के अनुसार विपरीत परिस्थितियों में बॉर्डर सेफ्टी में किस तरह मजबूती लाई जाए, उसका आंकलन भी इस ऑपरेशन सर्द हवा में किया जाएगा.

**ऑपरेशन अलर्ट में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई-**

बॉर्डर पर बढ़ रहे तनाव के बीच सेना.की यह एक्सरसाइज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

बॉर्डर प्रबंधन को बेहतर बनाने के साथ ही ऑपरेशन अलर्ट में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है.

रात में पहरेदारी के लिए चौकियों की संख्या में इजाफा किया गया है.

वैसे ऑपरेशन अलर्ट में सीमा सुरक्षा बल अपने सभी हथियार जो कि आमतौर पर हेड क्वाटर पर रहते हैं उन्हें भी इस ऑपरेशन अलर्ट के दौरान बॉर्डर पर ले जाकर उपयोग करेगा.

ऑपरेशन अलर्ट के दौरान सीमा सुरक्षा बल के सभी अधिकारी बॉर्डर पर तैनात रह कर हर अवांछनीय नापाक गतिविधियों पर अपनी नजर रखेंगे.

जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल ने बॉर्डर पर अलर्ट जारी कर जवानों की नफरी के साथ ही अपने अधिकारियों को बॉर्डर पर डटे रहने के दिशा निर्देश दिए हैं.

जैसलमेर में 30 जनवरी तक के लिए राजस्थान से लगी पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर ऑपरेशनल २३ क्रियाकलापों में और ज्यादा मजबूती लाने व विपरित परिस्थितियों बॉर्डर गार्डिंग के तौर तरीकों में पैनापन लाने के लिए बीएसएफ ने ऑपरेशन एलर्ट एक्सरसाईज सर्द हवा शुरु किया.

सीमा क्षेत्र में अन्जान व संदिग्ध व्यक्तियों को देखते ही गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ की जा रही है.

बीएसएफ के जवान गांवों में जाकर लोगों को जागरुक भी कर रहे हैं.

गुप्तचर एजेन्सियां भी अपने स्तर पर गांव-गांव सम्पर्क कर

संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं.
ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी.

**सीमा से चलेंगे ऑफिस-**

ऑपरेशन के दौरान बटालियान के ऑफिस सीमा की चौकियों से संचालित होंगे. कमाण्डेंट, उप कमांडेंट तथा अन्य अधिकारी जवानों के बीच रहकर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे.
बोर्डर क्षेत्र की पैट्रोलिंग टीम अब दो गुनी मेहनत करते हुए सीमा की रक्षा व क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए व्यक्तियों की तलाश में लगी हुई है.
बल के अधिकारियों ने बताया कि खाजूवाला सीमा सुरक्षा बल के अन्र्तगत आने वाली बीओपी पर लाइटिंग सुविधा व फैसिंग की समय समय पर जांच की जा रही है.
मुख्यालय के अन्र्तगत बीओपी में आने वाली सारी फैसिंग पूर्ण तया सही है वहीं समय-समय पर इसकी जांच की जा रही है.
आतंकी घटनाओं के द्रष्टिगत पडोसी देशों की सीमाओं पर गश्त के साथ एसएसबी को भी अलर्ट कर दिया गया है.

## बाड़मेर में स्वच्छ पीने के पानी के लिए राजस्थान सरकार ने केयर्न इंडिया के साथ समझौता किया

राजस्थान सरकार ने 7 जनवरी 2016 को बाड़मेर में स्वच्छ पीने के पानी के लिए केयर्न इंडिया के साथ समझौता किया है. पीने का पानी थार रेगिस्तान में एक बहुमूल्य वस्तु है. समझौते के बाद प्रदेश में बाड़मेर ज़िले के लोगों को आरओ प्लांट से साफ़ सुथरा पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा.

**एमओयू:** केयर्न इंडिया बाड़मेर में 3 सालों में लगाएगी 333 आरओ प्लांट-

इस करार के तहत केयर्न इंडिया बाड़मेर में आने वाले तीन सालों में 333 आरओ प्लांट (क्षमता प्रति 1,000-3,000 लीटर प्रति घंटा) लगाएगी.
इस एमओयू पर राजस्थान सरकार के जलदाय विभाग और केयर्न इंडिया के बीच हस्ताक्षर किए गए.
जलदाय विभाग की ओर से मुख्य अभियंता ग्रामीण अखिल कुमार जैन और केयर्न की ओर से सिद्धार्थ बालाकृष्णन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए.
बड़ी संख्या में आरओ प्लांट लग जाने के बाद बाड़मेर ज़िले के 800 से भी ज़्यादा गांवों को पीने का साफ़ पानी मिल सकेगा. जिसमे एक लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित होने का अनुमान है.
इन जल परियोजनाओं को आस-पास के गांवों तक अधिकतम सुविधाजनक तरीके से स्थापित किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को इस सुविधा के लिए अधिक दूर तक न जाना पड़े.
वितरण को सुगम बनाने के लिए कई स्थानों पर वाटर एटीएम भी लगाए जाएंगे.
इन प्लांट्स की स्थापना का खर्च केयर्न इंडिया से जुड़ा केयर्न एंटरप्राइज सेंटर वहन करेगा.
जबकि जलदाय विभाग भूमि, जल स्त्रोत और विद्युत उपलब्धता में ग्राम पंचायत की सहायता से सहयोग करेगा.
प्रोजेक्ट के तहत वाटर एटीएम कियोस्क की स्थापना गांवों में ऐसे स्थानों पर की जाएगी, जहां ग्रामीण आसानी से पहुंच सकें.
ये जल कियोस्क ग्राम जल समिति द्वारा संचालित किए जाएंगे.
आरओ प्लांट से स्वच्छ पानी के लिए ग्रामीणों को न्यूनतम भुगतान करना होगा.

**केयर्न इंडिया के बारे में-**

**केयर्न इंडिया तेल और गैस की खोज कंपनी द्वारा समर्थित संस्था है.**

**बाड़मेर जिले में केयर्न इंडिया की तेल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी प्रति**

**दिन 175,000 से अधिक बैरल तेल का उत्पादन करती है. केयर्न इंडिया ने रिवर्स ऑस्मोसिस सुविधाओं की स्थापना के माध्यम से बाड़मेर और जालौर में लोगों को स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित कराने के लिए राज्य सरकार के सहयोग से 2014 में 'जीवन अमृत "पायलट परियोजना शुरू की थी.**

## ललित मोदी पुन: आरसीए अध्यक्ष नियुक्त

आईपीएल के पूर्व विवादित कमिश्नर ललित मोदी 16 दिसम्बर 2015 को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के पद पर पुन: अध्यक्ष नियुक्त हो गए हैं. उनके विरुद्ध आमीन पठान अविश्वास प्रस्ताव लाए थे. अविश्वास प्रस्ताव की सुनवाई के लिए हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश ज्ञानसुधा मिश्रा को चैयरमेन नियुक्त किया था. इससे पहले ही इसे वापस ले लिया गया. मोदी लंदन से ही आरसीए की कमान संभालेंगे.

**नियुक्ति के प्रभाव-**

मोदी के आरसीए अध्यक्ष बनते ही बीसीसीआई ने संघ की मान्यता रद्द कर दी थी.

**क्या था विवाद?**

आरसीए के कामकाज से नाराज कई जिला संघों ने मोदी के खिलाफ बगावत कर दी थी.

इसी कारण अध्यक्ष मोदी, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया.

मोदी गुट न्यायालय पहुंचा और करीब एक वर्ष की कानूनी लड़ाई के बाद ज्ञानसुधा मिश्रा को दोबारा अविश्वास प्रस्ताव के लिए चेयरमैन नियुक्त किया गया.

इससे पूर्व क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष की मौजूदगी में लाया गया अविश्वास प्रस्ताव परित हो गया था.

**ललित मोदी के बारे में-**

पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी पर बीसीसीआई ने आजीवन प्रतिबंध लगाया है.

ललित मोदी के खिलाफ 2009 में आईपीएल के टेलिकास्ट राइट्स से मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है.

**जारी हो चुका है गैर जमानती वॉरंट-**

इस साल अगस्त में मुंबई की स्पेशल कोर्ट ने ईडी की तरफ से दर्ज केस में मोदी के खिलाफ गैर-जमानती वॉरंट जारी किया.

इसके बाद ईडी ने इंटरपोल से संपर्क करके मोदी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए कहा.

रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के बाद इंटरपोल अपने सदस्य देशों में छुपे किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकती है.

## मुख्यमंत्री राज श्री योजना

राज्य में बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने एवं उनके स्वास्थ्य तथा शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए यह योजना लाई गई है।

**कौन होगा पात्र?**

इस योजना के तहत एक जून या उसके बाद जन्म लेने वाली बालिकाएं लाभ की पात्र होंगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग नोडल विभाग होगा।

**क्या मिलेंगे लाभ?**

इस योजना के तहत एक जून या उसके बाद जन्म लेने वाली बालिका के जन्म पर एवं उसकी प्रथम वर्षगांठ पर 2500-2500

रुपए तथा राजकीय विद्यालय में प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने पर चार हजार रुपए दिए जाएंगे। योजनान्तर्गत लाभान्वित होने वाली बालिकाओं को शिक्षा निरन्तर जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एवं बालिका के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए राजकीय विद्यालय में कक्षा 6 प्रवेश करने पर पांच हजार रुपए और कक्षा 10 में 11 हजार रुपए दिए जाएंगे। योजना के तहत राजकीय विद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली बालिकाओं को 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। इस तरह जन्म से लेकर 12वीं कक्षा उतीर्ण करने पर बालिकाओं को राज्य सरकार की ओर से विभिन्न चरणों में 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

**कैसे काम करेगी योजना?**

इस योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए योजना को भामाशाह कार्ड से भी जोड़ा जाएगा। इस योजनान्तर्गत एक जून  या उसके बाद जन्म लेने वाली बालिकाएं ही योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी तथा प्रथम किश्त का लाभ लेने पर ही अन्य उत्तरवर्ती किश्ताें का लाभ देय होगा। योजनान्तर्गत प्रथम दो किश्तों का भुगतान चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से जननी सुरक्षा योजना के अनुसार ही किया जाएगा। शेष चार किश्तों का भुगतान निदेशालय महिला अधिकारिता की ओर से किया जाएगा।

## सिंगापुर के साथ पर्यटन एवं स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दो एमओयू

राजस्थान को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने तथा जयपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए सिंगापुर और राजस्थान मिलकर काम करेंगे। इसके लिए राजस्थान ने सिंगापुर के साथ दो एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। राजस्थान के पर्यटन विभाग और सिंगापुर को-आपरेशन इंटरप्राइज के बीच हुए समझौते से राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बेस्ट प्रेक्टिसेज को अपनाने का राअवसर मिलेगा और इससे यहां के पर्यटन को एक अलग पहचान मिलेगी। दूसरे एमओयू के तहत उदयपुर के आईआईएम कैम्पस में सेन्टर आफ एक्सीलेंस फोर ट्यूरिज्म ट्रेनिंग (सीईटीटी) की स्थापना के साथ सिंगापुर एवं राजस्थान के बीच आपसी भागीदारी की एक नई शुरूआत होगी। इस सेन्टर में पर्यटन से जुड़े हुए 6 कोर्स में 480 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस सेंटर के जरिए राज्य को व्यावसायिक शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने सीईटीटी को स्थापित करने एवं संचालन के लिए सिंगापुर सरकार की ओर से 1.47 मिलियन सिंगापुर डॉलर के सहयोग के लिए सिंगापुर के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। पहले एमओयू में पिंकसिटी को स्मार्ट सिटी बनाने में सहयोग के क्रम में शहरी कचरा निस्तारण एवं परिवहन सुविधाओं को बढ़ाने में सिंगापुर का सहयोग मिलेगा। राजस्थान और सिंगापुर के बीच हुए एमओयू के अनुसार जयपुर में सुचारू परिवहन हेतु इंटर-मॉडल ट्रांसपोर्ट इंटीग्रेशन द्वारा एकीकृत किराया कार्ड, नेटवर्क एकीकरण, सूचना एकीकरण एवं संस्थाओं के एकीकरण की पहल की जाएगी। कचरा निस्तारण हेतु आधुनिक तकनीक अपनाने एवं ऊर्जा बचत व उत्पादन पर फोकस किया जाएगा। इंटरनेशनल इन्टरप्राइजेज सिंगापुर तथा जयपुर नगर निगम मिलकर शहर में कचरा निस्तारण के लिए नवीन प्रयोगों पर कार्य करेंगे तथा सिंगापुर द्वारा कचरा निस्तारण हेतु अपनाए गए कार्यों को जयपुर में प्रयोग के तौर पर पायलेट प्रोजेक्ट के रुप में लागू किया जाएगा। इसी प्रकार दूसरे एमओयू के अनुसार दोनों भागीदार अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक केन्द्र के रुप में राजस्थान की मार्केटिंग करेंगे। राजस्थान में पर्यटन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के तहत राज्य के पर्यटन से जुड़े विशेषज्ञ, पॉलिसी लीडर एवं

फील्ड पदाधिकारियों की क्षमतावर्धन हेतु सिंगापुर के अनुभवों का लाभ लिया जाएगा। इस हेतु विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए कार्पोरेशन के सहयोगी टमस्क फाउन्डेशन द्वारा चार लाख चौरासी हजार दस सिंगापुर डॉलर के प्रारम्भिक अनुदान की घोषणा की गई है।

## उदयपुर जिला पुलिस की शुरूआत महिला गश्ती दल

उदयपुर में जिला पुलिस की ओर से शुरू की गई अनूठी पहल 'महिला गश्ती दल' व्यवस्था के शुभारम्भ से शहर में कानून व्यवस्था के संधारण में महिलाओं की भूमिका बढ़ाई जा रही है। सुरक्षा उपकरण, फस्ट-एड बॉक्स एवं अन्य संसाधनों से सुसज्जित 24 सदस्यीय महिला पुलिस के मोटर साइकिल सवार गश्ती दल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह महिला गश्ती दल उदयपुर शहर में महिलाओं, छात्राओं, बच्चों तथा पर्यटकों के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम एवं तत्काल सहायता उपलब्ध कराने में प्रभावी भूमिका निभाएगा।

## घर और संस्थानों की छतों पर 25 मेगावॉट क्षमता के सोलर रूफ टॉप सिस्टम स्थापना को स्वीकृति

भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राजस्थान में 25 मेगावॉट क्षमता के सोलर रूफ टॉप सिस्टम स्थापित करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। राजस्थान में विभिन्न क्षमताओं की रूफ टॉप प्रणालियों की स्थापना किये जाने के लिए राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड द्वारा 25 आपूर्तिदाताओं का चयन किया गया है। सोलर रूफ टॉप प्रणालियों की स्थापना के इच्छुक लाभार्थी इस योजना के तहत 1 किलोवॉट से 500 किलोवॉट क्षमता के प्रोजेक्ट स्थापित करवा सकेंगे। रूफ टॉप प्रणाली की स्थापना पर भारत सरकार द्वारा 30 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जावेगी तथा अनुदान का लाभ समस्त रिहायशी भवनों, नॉन प्रोफिट संस्थानों यथा स्कूल, हॉस्टल, हॉस्पिटल आदि तथा गैर लाभ वाले सामाजिक संस्थान यथा सामूदायिक भवन, ट्रस्ट, एन.जी.ओ. आदि को दिया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत राजकीय भवन एवं संस्थाएं, निजी वाणिज्यिक संस्थान तथा औद्योगिक क्षेत्र के भवन शामिल नहीं होंगे। राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग द्वारा 26 फरवरी, 2015 को नैट मीटरिंग रेग्यूलेशन जारी किया गया है, जिसके तहत रूफ टॉप एस.पी.वी. सिस्टम से उत्पादित की जाने वाली बिजली का लाभ लाभार्थी को दिया जायेगा। नैट मीटरिंग रेग्यूलेशन के अनुसार सोलर पॉवर प्लांट से उत्पादित अतिरिक्त ऊर्जा, जो ग्रिड में जायेगी, का भुगतान राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष में लागू की गई निर्धारित दरों पर डिस्कॉम्स द्वारा लाभार्थी को किया जायेगा। नैट मीटरिंग रेग्यूलेशन के अनुसार इच्छुक लाभार्थी अपने कनेक्टेड/सेंक्शन्ड लोड का अधिकतम 80 प्रतिशत तक का रूफ टॉप सिस्टम लगवा सकता है। यदि लाभार्थी एक किलोवॉट से 10 किलोवॉट तक का रूफ टॉप सिस्टम लगवाता है तो 47 हजार 845 रुपये प्रति किलोवॉट, 10 किलोवॉट से अधिक व 50 किलोवॉट से कम के सिस्टम की कीमत 44 हजार 275 रुपये प्रति किलोवॉट एवं 50 किलोवॉट से अधिक तथा 500 किलोवॉट तक के सिस्टम की कीमत 41 हजार 930 रुपये प्रति किलोवॉट देय होगी। यह राशि 30 प्रतिशत अनुदान के उपरान्त है।

## सवाई मानसिंह अस्पताल में ब्रेस्ट रिकन्सट्रक्शन और इम्युनोलॉजी क्लिनिक

## की स्थापना

सवाई मानसिंह अस्पताल में स्तन कैंसर के रोगियों को एक ही छत के नीचे उपचार के साथ ही ब्रेस्ट रि-कन्सट्रक्शन के लिए स्थापित की गयी नयी ब्रेस्ट क्लिनिक का शुभारम्भ किया गया है। प्रदेश के राजकीय चिकित्सा संस्थानों में पहली बार स्थापित इस क्लिनिक से स्तन कैंसर के रोगियों को ब्रेस्ट रिमुवल के बाद ब्रेस्ट रि-कन्सट्रक्शन की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही इम्युनोलॉजी क्लिनिक का भी शुभारम्भ किया गया। इस क्लिनिक में गठिया सहित इम्युनोलॉजिकल डिजीज की जांच व उपचार की व्यवस्था की गयी है।

# जयपुर में 20 अक्टूबर से ’वस्त्र-2016’

अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के 5वें संस्करण, ’वस्त्र-2016’ की 20 अक्टूबर को जयपुर में शुरूआत होगी। यह विशाल प्रदर्शनी सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित की जायेगी। राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लि0 (रीको) द्वारा फैडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से आयोजित किये जा रहे इस मेले को राजस्थान सरकार का सहयोग प्राप्त है।

## डॉ. कलाम के जन्म दिन को ‘विद्यार्थी दिवस’ के रूप में मनाया जाएगा

राजस्थान के विद्यालयों में 15 अक्टूबर को पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइलमैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन ‘विद्यार्थी दिवस’ के रूप में मनाया जाएगा। विद्यालयाें में इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दिन विद्यालयो में सृजनात्मक गतिविधियों के साथ ही बच्चों के लिए संस्था प्रधानों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दिन विद्यार्थियों की नेतृत्व क्षमता, उनके बौद्धिक कौशल को विकसित करने जैसे आयोजन विद्यालयों में होंगे।

## प्रसव सखी से प्रसूता को मिलेगा भावनात्मक सहयोग

राजस्थान में मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर को कम करने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गयी प्रसव सखी योजना प्रसूताओं को प्रसव के समय भावनात्मक सहयोग प्रदान करने की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्व हो रही है। फिलहाल पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रदेश के अधिक प्रसवभार वाले 30 राजकीय चिकित्सालयों में ‘प्रसव सखी‘ योजना को 2 अक्टूबर, 2016 से प्रारंभ किया गया है। इनमें चुनिंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शामिल है। इस योजना के तहत प्रसव के समय प्रसूता के साथ उसके परिवार की स्वस्थ एवं व्यावहारिक महिला का प्रसव सखी के रूप में सहयोग लिया जा रहा है। प्रसव सखी डिलीवरी के समय प्रसूता को भावनात्मक रूप से सहयोग देने के साथ ही जन्म के तुरंत बाद ही शिशु को स्तनपान प्रारंभ करवाने में भी अहम् भूमिका निभा रही है। प्रसव के बारे में अनुभवी परिवार की ही महिला के प्रसव सखी के रूप में मौजूद रहने से प्रसूता सहजता महसूस करती है। प्रसव सखी प्रसूता के साथ प्रसव से पूर्व, प्रसव के दौरान एव प्रसव के पश्चात् उपस्थित रहकर प्रसूता को भावनात्मक संबल प्रदान करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यह सिद्व किया है कि विकासशील देशों में मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए प्रसव सखी का महत्वपूर्ण योगदान हैं।

हमारे देश में प्रसव सखी प्रोग्राम तमिलनाडु व छत्तीसगढ़ में भी प्रारम्भ किया जा चुका है।

## राजस्थान के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में 2 अक्टूबर से 28 अक्टूबर, 2016 तक विशेष स्वच्छ नगर अभियान

राजस्थान में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 2 अक्टूबर से 28 अक्टूबर, 2016 तक स्वच्छ नगर अभियान के दौरान सभी नगरीय निकायों में प्रमुख स्थानों के साथ-साथ हॉस्पिटल, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन, पर्यटक स्थलों शहर के एन्ट्री पॉईन्ट्स आदि की सफाई की जाये एवं इन्हे सफाई का मॉडल बनाये जाएंगे।

## राजस्थान में अब यूनिफाइड कॉमन अपील एप्लीकेशन उपलब्ध

ई-सेवाओं को सरल और प्रभावी बनाने की दिशा में वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा अपील के लिए आवेदन करने वालों के लिए यूनिफाइड कॉमन अपील एप्लीकेशन उपलब्ध कराई गई है । यह एप्लीकेशन विभाग के वेब पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसमें राजस्थान वैल्यू एडेड टैक्स 2003, सेन्ट्रल सेल्स टैक्स एक्ट 1956, राजस्थान टैक्स ऑन एन्ट्री ऑफ गुड्स इन टू लोकल एरियाज़ एक्ट 1999, राजस्थान टैक्स ऑन लक्ज़रीज (इन होटल्स एंड लॉजिंग हाउसेस) एक्ट 1990 एवं राजस्थान एन्टरटेन्मेंटस् एडं एडवरटाइज़मेन्टस् टैक्स एक्ट 1957 में पंजीकृत डीलर्स आवेदन कर सकते हैं । यह सुविधा अपंजीकृत डीलर्स के लिए भी है । डीलर्स को अब मल्टीपल लॉगिन करने की आवश्यकता नहीं है

## वर्ल्ड क्राफ्ट्स काउंसिल ने जयपुर शहर को घोषित किया वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी

वर्ल्ड क्राफ्ट्स काउंसिल की 18वीं महासभा की बैठक 22 से 29 सितंबर 2016 को इस्फहान (ईरान) में  जयपुर शहर को वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी घोषित किया गया है।

## 977 करोड़ 57 लाख रुपये के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय अतुल्य भारत पर्यटन निवेश सम्मिट 2016 में राजस्थान के 56 निवेशकों ने पर्यटन से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के लिए 977 करोड़ 57 लाख रुपये के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए। इन एम.ओ.यू. के मूर्त रूप लेने पर 4 हजार 745 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। एम.ओ.यू. में होटल, रिसोर्ट, मोटल्स, होलीडे कॉटेज, रेस्टोरेंट, हैल्थ रिसोर्ट, एडवेंचर पार्क, हेरिटेज होटल्स आदि से संबंधित परियोजनाएं शामिल है।

## प्रत्येक माह की 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

इस माह से राजस्थान में प्रत्येक माह की 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित किया जाएगा। राजस्थान में अनुमानतः 19 लाख 60 हजार महिलाएं प्रत्येक वर्ष गर्भवती होती है। इनमें से 10 प्रतिशत (अनुमानतः 1.9 लाख) केसेज में जटिलताएं उत्पन्न होने की संभावना होती है। इन 1.9 लाख एएनसी में से 80 प्रतिशत प्रसूताओं को प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा समय पर पहचान कर उनका प्रबंधन किया जा सकता है जबकि शेष 20 प्रतिशत महिलाओं को सी-सेक्शन एवं अन्य प्रसूति जटिलता प्रबंधन हेतु स्त्री रोग विशेषज्ञ की आवश्यकता होती है। राजस्थान में 9 जून 2016 से राजस्थान में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का शुभारंभ किया गया। अगस्त 2016 तक 34 जिलो के 7 हजार

607 चिकित्सा संस्थानों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित कर 1 लाख 81 हजार गर्भवती महिलाओं को लाभांवित किया गया।

## राजस्थान में इन्ट्रा स्टेट हवाई सेवा का शुभारम्भ

राज्य के महत्वपूर्ण शहरों के मध्य एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से जयपुर से जोधपुर तथा उदयपुर के बीच इन्ट्रा स्टेट हवाई सेवा का शुभारम्भ किया। बीकानेर एवं कोटा को भी शीघ्र ही हवाई सेवाओं से जोड़ा जाएगा। जयपुर से जोधपुर के बीच सुप्रीम एयरलाइन्स की पहली 9 सीटर उड़ान को स्टेट हैंगर से रवाना हुई। इसके अलावा स्कूट एयरलाइन्स के जरिए राजस्थान हवाई सेवा के माध्यम से सिंगापुर से जुड़ा है। इन्ट्रा स्टेट हवाई सेवाओं में सुप्रीम एयर लाइन्स द्वारा 9 सीटर सैसना केरावेन-सी 208 बी विमान की उड़ानें सप्ताह में 6 दिन संचालित की जायेंगी। दोनों ही गन्तव्यों के लिए उड़ानों का न्यूनतम किराया 3 हजार 499 रुपये रखा गया है। इन्ट्रा स्टेट एयर कनेक्टिविटी शुरू होने से प्रदेश में पर्यटन, हेरिटेज एवं व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। दूरदराज के विश्वस्तरीय पर्यटन, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं हैरिटेज की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों को इसका लाभ मिलेगा।

## 'डॉटर्स आर प्रीसियस' अभियान का शुभारंभ

बेटियों को बचाने के लिए राजस्थान में 'डॉटर्स आर प्रीसियस' अभियान का शुभारंभ किया गया। 'डॉटर्स आर प्रीसियस' अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ अभियान जैसे संवेदनशील मुद्दे से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना है।

प्रदेश में वर्ष 2001 में लिंगानुपात 921 था जोकि अब बढ़कर 2011 में 926 हुआ है।

## गुजरात के बाद अब राजस्थान में भी मिलेगा सिर्फ फोर्टीफाइड खाद्य तेल

राजस्थान देश में स्वैच्छिक खाद्य तेल फोर्टीफिकेशन के मामले में गुजरात के बाद अब दूसरा प्रदेश हो गया है। मुख्यमंत्री की बज़ट घोषणा के अनुसार राज्य में कुपोषण के प्रभाव को कम करने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से विटामिन ए एवं डी युक्त फोर्टीफाइड खाद्य तेलों की आपूर्ति की जानी प्रस्तावित थी। प्रदेश में ही विक्रय करने वाली सभी 183 खाद्य तेल मिल एवं रिपैकर्स इकाइयों द्वारा खाद्य तेल का विटामिन ए व डी युक्त फोर्टीफाईड खाद्य तेल की बिक्री प्रारंभ कर दी गई है। राजस्थान में इनके अतिरिक्त कुल 5 खाद्य तेल मिलें ऐसी हैं जिनके द्वारा मूंगफली एवं तिल के तेल का नवंबर से मार्च माह में सीजनल उत्पादन किया जाता हैं। इन मिलों द्वारा भी फोर्टीफिकेशन हेतु पूर्ण तैयारी की जा चुकी है एवं इनके द्वारा नवंबर माह से फोर्टीफाईड खाद्य तेल का उत्पादन प्रारंभ कर दिया जायेगा।

## प्रथम चरण में लक्षित 5000 अन्नपूर्णा भण्डार का लक्ष्य अर्जित

प्रथम चरण में लक्षित 5000 अन्नपूर्णा भण्डार का लक्ष्य अर्जित हो गया है। उल्लेखनीय है कि पूरे देश में एक मात्र राजस्थान राज्य में नवाचार के रूप में सार्वजनिक एवं निजी सहभागिता के अन्तर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण की अनूठी व बेहतरीन अन्नपूर्णा भण्डार योजना की शुरुआत की थी। योजनान्तर्गत 5000 उचित मूल्य दुकानों पर "अन्न्पूर्णा भण्डार" ने रुरल माल के रुप में अनोखी पहचान बनाई हैं।

## अजमेर एवं कोटा स्मार्ट सिटीज की सूची में शामिल

अजमेर एवं कोटा शहर को केन्द्र सरकार द्वारा 27 नई स्मार्ट सिटीज की सूची में शामिल किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा देश में 100 नए स्मार्ट शहर बनाने की घोषणा के तहत् अब तक 60 स्मार्ट सिटीज के नाम जारी हुए है। पहली सूची में राज्य के दो शहरों जयपुर एवं उदयपुर को पहले ही शामिल किया जा चुका है। तीसरी सूची में शामिल हुए 27 नई स्मार्ट शहरों के चुनाव के लिए देश के 63 मिशन शहरों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया था। चयनित शहरों में 66 हजार 883 करोड़ रुपये का निवेश होना प्रस्तावित है। अजमेर में 1947 एवं कोटा में 1455 करोड़ रुपये शहरों के विकास पर व्यय होगा राजस्थान की दो नई स्मार्ट सिटीज अजमेर में 1947 एवं कोटा में 1455 करोड़ रुपये अगले पांच वर्षों में विकास के व्यय होगें। भारत सरकार द्वारा घोषित किए जाने वाले कुल 100 स्मार्ट सिटीज में से अब तक घोषित किए गये 60 शहरों में राजस्थान द्वारा प्रस्तावित चारों शहरों यानि शत-प्रतिशत चुनाव हो गया है। अजमेर एवं कोटा शहरों के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा 500-500 करोड़ रुपये और इतनी ही राशि राज्य सरकार द्वारा व्यय करना प्रस्तावित है।

## जर्मन कम्पनी बॉश हर जिले में खोलेगी ब्रिज एकेडमी

ऑटो मोबाइल क्षेत्र की जर्मन कम्पनी बॉश राजस्थान के सभी जिलों में बॉश ब्रिज एकेडमी खोलेगी। राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम बॉश के सहयोग से युवाओं को इन एकेडमी में ऑटोमोबाइल, हॉस्पिटेलिटी तथा रिटेल सेक्टर में प्रशिक्षित करेंगे। कंपनी राज्य के सभी जिला मुख्यालय पर स्थापित 33 राजकीय आईटीआई केन्द्रों पर इन एकेडमी की शुरूआत करेगी। वर्तमान में राज्य के चार जिलों जयपुर, झालावाड, अजमेर तथा धौलपुर में इस एकेडमी की शुरूआत हो चुकी है।

## ई-विन नेटवर्क से होगा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम

राजस्थान में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण में इलेक्ट्रोनिक वैक्सीन इंटेलीजेंस नेटवर्क (ई-विन) का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जायेगा। ई-विन नेटवर्क के माध्यम से टीकोेें के उचित भंडारण, आंवटन एवं रख-रखाव प्रबंधन पर विशेष ध्यान देकर टीकों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित होगा। राजस्थान में स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार एवं यूएनडीपी के सहयोग से निर्मित ई-विन नेटवर्क द्वारा 2 हजार 181 कोल्ड चैन के प्रशिक्षित 2 हजार 216 कोल्ड चैन हैंडलर व 479 अतिरिक्त कोल्ड चैन हैंडलर्स टीकों के रख-रखाव, आवंटन, उपलब्धता एवं रिपोर्टिंग इत्यादि गतिविधियों संचालित कर रहे हैं। 2 हजार 224 वैक्सीन स्टोर को स्मार्टफोन के माध्यम से डिजीटल बनाते हुए टीकों के तापमान सुरक्षा एवं ऑनलाइन निगरानी के लिए 'टेम्प्रेचर लॉगर' स्थापित किये गये हैं। राज्य में प्रतिवर्ष लगभग 17 लाख नये नवजात शिशु नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल हो जाते हैं एवं विस्तृत प्रबंधन करते हुए प्रतिवर्ष लगभग एक करोड़ से अधिक बच्चों को टीके लगाकर प्रतिरक्षित किया जा रहा है।

## उदयपुर में ओडीएफ ओलंपिक

उदयपुर जिले की बड़गांव पंचायत समिति के कविता गांव में जिले में ओडीएफ घोषित हो चुकी ग्राम पंचायतों का भव्य ओडीएफ ओलंपिक हुआ। इसमें उदयपुर जिले की उन 53 ग्राम पंचायतों की 45 वालीबॉल टीमें भाग ले रही हैं जो कि खुले में शौच से मुक्त घोषित हो चुकी हैं। ओडीएफ ग्राम पंचायतों को

उनकी पहल के लिए सम्मानित करने और जिले भर में स्वच्छता का बेहतर माहौल स्थापित कर शेष बची दूसरी सभी ग्राम पंचायतों को ओडीएफ घोषित करने के लिए प्रोत्साहन देने के मकसद से चल रहा यह ओलंपिक वालीबॉल खिलाड़ियों का कुंभ बना हुआ है। राजस्थान भर में इस प्रकार की अभिनव पहल करते हुए ओडीएफ ओलंपिक का आयोजन ग्रामीणों में जबर्दस्त लोकप्रिय हुआ है और अब इस ओलंपिक में न केवल ओडीएफ हो चुकी ग्राम पंचायतों के वालीबॉल खिलाड़ी, ग्राम्य जन प्रतिनिधि और ग्रामीण आए हुए हैं बल्कि जिले के विभिन्न हिस्सों से इस आयोजन का दर्शक होने का सौभाग्य पाने के लिए भी ग्रामीणों के समूह पहुंच रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण घरेलू कनेक्शन योजना का शुभारंभ

प्रदेश में छितरायी हुई ढाणियों और खेतों में बने किसानों के आवास के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण घरेलू कनेक्शन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत इच्छुक ग्रामीण 19 सितम्बर से 30 अक्टूबर तक 100 रुपये पंजीकरण राशि जमा कराकर कनेक्शन के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। ग्रामीणों की लगातार मांग के चलते मुख्यमंत्री ग्रामीण घरेलू कनेक्शन योजना शुरू की गई है। इस योजना में कनेक्शन के लिए शुल्क 11 केवी ट्रांसफार्मर 150 मीटर तक स्थापित किये जाने की स्थिति में 10 हजार रुपये प्रति कनेक्शन मांग राशि ली जायेगी जिसमें आवेदन शुल्क, मीटर व अमानत राशि शामिल है। 150 मीटर से अधिक 500 मीटर तक केवी लाईन स्थापित करने की स्थिति में 100 रुपये प्रति मीटर सर्वे में चिन्हित आवेदन ग्रुप में लिये जायेंगे। इस योजना के प्रथम चरण में प्रदेश में 1 से 2 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ग्रामीण घरेलु कनेक्शन योजना के प्रथम चरण में ग्रामीण गैर आबादी क्षेत्र में खेतों, अविद्युतीकरण ढाणियों में स्थित आवासों में घरेलु विद्युत कनेक्शन लेने के इच्छुक सभी रहवासी जो 11 केवी तंत्र से 650 मीटर क्षेत्र में स्थित हो अपना आवेदन कनेक्शन के लिए पंजीकृत करा सकते हैं तथा पंजीकृत सभी आवेदनों का सर्वे कर 30 नवम्बर तक लोड सेन्टर का निर्धारण किया जायेगा तथा स्थापित 11 केवी लाईन से 150 मीटर (2 स्पान सिंगल फेस) की सीमा में नया सिंगल फेस ट्रांसफार्मर स्थापित किया जायेगा।

## भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना:प्रमुख बिंदु

बीमा के माध्यम से राज्य को गरीब और वंचित जनता को निजी अस्पतालों में भी उपचार को सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए राजस्थान सरकार ने राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र सभी परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की है। इस योजना का लाभ भामाशाह कार्ड मिलने के साथ -साथ मिलने लगेगा। इस योजना के अंतर्गत राज्य के लगभग 67 प्रतिशत परिवार लाभान्वित हो सकेगे और ये राजकीय और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में इंडोर पेशेन्ट के रुप में भी अपना उपचार करा सकेगे। सामान्य बीमारियों के लिए प्रति परिवार 30 हजार रूपये तथा चिन्हित गंभीर बीमारियों के लिए 3 लाख रूपये तक का बीमा कवर होगा ऐसे परिवारों को ओपीडी रोगी के रुप में नि:शुल्क दवायें और जाँच की सुविधा भी मिलती रहेगी ।

### लाभार्थी

योजना के अन्तर्गत राजस्थान राज्य के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम व राष्टीय स्वास्थ्य बीमा योजना में आने वाले परिवारों को इसका लाभ दिया जायेगा ।

इसके अन्तर्गत राज्य के लगभग एक करोड़ परिवार लाभान्वित होंगे।

## लाभ

लाभार्थी हेतु समस्त सुविधायें अन्तरंग इलाज हेतु उपलब्ध होगी तशा केशलेस होंगी। प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष चिन्हित सामान्य बीमारियों हेतु 30 हजार रूपये तथा चिन्हित गंभीर बीमारियों हेतु 3.00 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जायेगा।

बीमा से पूर्व की भी समस्त बीमारियां कवर होंगी ।

चिकित्सा प्रक्रिया से पूर्व 7 दिन तथा छुट्टी पश्चात् के 15 दिन को चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा में कवर होगी ।

हृदय रोग तथा अत्यधिक आघात की स्थिति में 100 से 500 रुपये तक प्रति परिवार प्रति वर्ष यात्रा भत्ता भी बीमा राशि में शामिल ।

बीमा राशि खत्म होने के उपरान्त भी आवश्यक होने पर कॉर्पस फंड से स्वीकृति का प्रावधान।

## लाभार्थी की पहचान

योजनान्तर्गत खाने वाले लाभार्थी के पास भामाशाह कार्ड होना वांछनीय है । भामाशाह कार्ड ना होने की स्थिति में बीमा लाभ एनएफएसए अथवा आरएसबीवाई से संबंधित पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करने पर भी दिया जा सकेगा ।

लाभ किसके माध्यम से

इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को स्वास्थ्य सुविधायें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा उच्चस्तरीय राजकीय चिकित्सा संस्थानों तथा सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों के माध्यम से प्रदान की जायेंगी ।

भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ

राज्य के समस्त मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध अस्पताल, जिला अस्पताल, सैटेलाइट अस्पताल, सब डिविजनल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से दिया जायेगा।

इसके अतिरिक्त राज्य सरकार तथा बीमा कम्पनी द्वारा सम्मिलित रुप से सूचीबद्ध निजी चिकित्सालय भी स्वारथ्य बीमा योजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान करेंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत आने जाले समस्त चिकित्सालय इस योजना में शामिल किए गए है।

स्वास्थ्य मार्गदर्शक : इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान पर मरीज की सहायता हेतु स्वास्थ्य मार्गदर्शक उपलब्ध रहेंगे ।

स्वास्थ्य मार्गदर्शक द्वारा मरीज को पहचान, उपलब्ध बीमा राशि को जानकारी, कराये जाने जाले उपचार हेतु अधिकृत करवाने, स्वास्थ्य संस्थान में मरीज को उपचार कराने में सहायता करने तथा मरीज के डिस्चार्ज व फॉलोअप आदि कार्य में सहयोग किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री जनआवास योजना एवं नगरीय भूमि आवंटन नीति

मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे ने 26 सितम्बर 2015 को मुख्यमंत्री जनआवास एवं राजस्थान के नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न उद्देश्यों के लिये भूमि आवंटन नीति जनता को समर्पित की। इससे आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को आसानी से आवास मिलेंगे तथा राजस्थान में निवेश को वांछित गति मिलेगी।

## नीति के मुख्य बिन्दु

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का वर्ष 2022 तक सभी को आवास उपलब्ध कराने का सपना है। इस नीति के लागू होने से राज्य 2018 तक ही इस इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा।

सरकार ने वर्ष 2009 में जारी अफोर्डेबल हाउसिंग पाॅलिसी की खामियों को दूर करते हुए सभी संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श कर नई जनआवास योजना तैयार की है।

इस नीति में डवलपर्स के लिये ऐसे प्रावधान किये गये हैं जिनसे

वे आर्थिक रूप से कमजोर और अल्प आय वर्ग के लिये आवास बनाने के लिये प्रेरित हो सकें।

नई नीति में बिल्डर्स को अधिक स्वतंत्रता देने के साथ ही निर्धारित समय से पहले प्रोजेक्ट पूरा करने पर इन्सेन्टिव्स की व्यवस्था है।

प्रोजेक्ट में अनावश्यक विलम्ब करने पर दंडात्मक प्रावधान भी किये गये हैं।

राजस्थान के नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न उद्ेश्यों के लिये भूमि आवंटन नीति-2015 शहरी क्षेत्र में भूमि आवंटन की प्रक्रिया को तेज, आसान एवं पारदर्शी बनाया गया है।

पूर्व में सामाजिक एवं चैरिटेबल संस्थाओं को ही ध्यान में रखकर नीति बनाई गई थी। अब सरकार ने इनके साथ-साथ औद्योगिक, जनोपयोगी, शीर्ष संस्थाओं एवं सरकारी विभागों को सम्मिलित किया है।

नीति के अंतर्गत आवेदन एवं निगरानी प्रक्रिया को पूरी तरह स्पष्ट किया गया है ताकि भूमि आवंटन में पारदर्शिता बनी रहे।

सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि जिस उद्देश्य के लिये भूमि आवंटित की गई है। वह उसी के काम में आए।

## राजस्थान में ऊर्जा परिदृश्य

राज्य तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी के कारण राजस्थान लगभग शून्य विद्युत कमी वाला राज्य बन गया है तथा उद्योगों को अबाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करता है।

राज्य के औद्योगिक, वाणिज्यिक, घरेलू एवं कृषि उपभोगताओं को विद्युत आपूर्ति बढ़ाने हेतु सुदृढ़ कदम उठाते हुए **16 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित की जा चुकी है एवं इसमें से 25 प्रतिशत हिस्सेदारी अक्षय ऊर्जा स्रोतों की है।**

**राज्य ने अगले पांच वर्ष में अतिरिक्त 6500 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वृद्धि करने का निर्णय लिया है ताकि औद्योगिक विकास को गति मिल सके।**

## स्थापित ऊर्जा क्षमता में वृद्धि

14 प्रतिशत सीएजीआर विगत पांच वर्षों में, इसमें **अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी में 23 प्रतिशत** सीएजीआर की वृद्धि।

एमओयू साइन:40,000 मेगावाट से ज्यादा के सोलर पार्क और पावर जनरेशन के लिए।

गत दो वर्षो में राज्य क्षेत्र मे 1750 मेगावाॅट, निजी क्षेत्र मे 1014 मेगावाॅट तथा गैर परंम्परागत स्त्रोतो से 1403 मेगावाॅट सहित 4376 मेगावाॅट उत्पादन क्षमता में वृद्धि

**Rajasthan State Electricity Distribution Management Responsibility Bill-2016** अधिसूचित कर वितरण कम्पनियों व राज्य सरकार के उत्तरदायित्वो को निरूपित किया गया है।

विद्युत की खरीद व बेहतर प्रबन्धन हेतु विद्युत ऊर्जा विकास निगम का गठन

**घरेलू उपभोक्ताओं को तीन करोड एल.ई.डी. बल्ब वितरण करने की योजना के तहत दिसम्बर तक 74 लाख स्म्क् बल्ब वितरित किये जा चुके है।**

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम

एमएसएमई क्षेत्र राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्षेत्र आर्थिक गतिविधियों और जॉब क्रिएशन का नेतृत्व करता है।

राजस्थान के औद्योगिक परिदृश्य में माइनिंग, टेक्स्टाइल, ऑटो और इंजीनियरिंग, एग्रो और फूड प्रोसेसिंग जैसे विविध क्षेत्र एमएसएमई के लिए महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध करवाते हैं।

राजस्थान में एमएसएमई क्षेत्र लगातार वृद्धि कर रहा है और कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) नीति 2015

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री कलराज मिश्र एवं मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे ने 20 नवंबर2015 को जयपुर में सीतापुरा के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में रिसर्जेंट राजस्थान समिट-2015 में राजस्थान की एमएसएमई पॉलिसी-2015 जारी की।

प्रदेश में लगभग 1 लाख20 हजार सूक्ष्म, 7000 लघु, 244 मध्यम और 316 बड़े उद्योग हैं। एमएसएमई द्वारा बड़े उद्योगों की तुलना में कई गुना अधिक लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। इस नीति के **माध्यम से राजस्थान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के विकास को महत्व दिया गया है।**

**नीति की मुख्य बातें**

**(1) उद्योगो को समय सीमा में भू-आवंटन एवं भू-परिवर्तन करना।**

**(2) नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित करना।**

**(3) निजी औद्योगिक पार्क एवं एमएसएमई क्लस्टर को बढ़ावा देना।**

**(4) बेरोजगार युवाओं को सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने में सहयोग करना।**

**(5) एमएसएमई इकाईयों को बाजार विपणन में सहायता।**

**(6) थ्रस्ट सेक्टर पर फोकस।**

**(7) गुणवत्ता सुधार तथा अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना।**

**(8) रूग्ण इकाईयों के उत्थान हेतु सहायता।**

**राजस्थान एमएसएमई पाॅलिसी 2015 के तहत निम्न सुविधाऐं देय हैः-**

आईएसआई/बीआईएस/डब्लुएचओ-जीएमपी/हालमार्क सर्टिफिकेशन प्राप्त करने पर 50 प्रतिशत पुनर्भरण

उत्पाद शोध विकास एवं जांच प्रयोगशाला स्थापित करने पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एसोसिऐशन को डीएलसी दर से 50 प्रतिशत भूमि उपलब्ध कराना तथा 50 प्रतिशत पूंजी लागत उपलब्ध कराना।

उद्योग संघों द्वारा काॅमन इफयुलेन्ट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) की स्थापना करने पर पूंजी में 50 प्रतिशत का पुनर्भरण।

लघु एवं मध्यम उद्यम द्वारा इफयुलेन्ट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) की स्थापना के उपरान्त यदि पुनर्चक्रित पानी का 80 प्रतिशत उपभोग किया जाता है तो स्थिर पूंजी का 50 प्रतिशत का पुनर्भरण।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों द्वारा वित्तीय संसथाओं से क्रेडिट गारण्टी ट्रस्ट फॅार माइक्रो एण्ड स्माॅल एन्टरप्राइजेज (सीजीटीएमएसई) के तहत सीकिंग काॅलेटरल फ्री लोन (अधिकतम 1 करोड़ रू.) हेतु सर्विस चार्ज के तहत ऋण राशि का 0.5 प्रतिशत या 25000 रूपये जो भी कम हो, का पुनर्भरण।

लघु एवं मध्यम उद्यम हेतु एसएमईज एक्सचेंज द्वारा रेजिंग आॅफ फण्ड पर हुए व्यय का 10 प्रतिशत (अधिकतम 2.5 लाख रू.) की सहायता।

## रिसर्जेन्ट राजस्थान में हुईं महत्वपूर्ण घोषणाएं

रिसर्जेण्ट राजस्थान समिट के दौरान केन्द्र सरकार की ओर से अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं हुईं जो इस सम्मेलन की सफलता और महत्ता की द्योतक हैं।

केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री अनंत कुमार- झालावाड़ में 500 करोड़ रुपये के निवेश से नेशनल इंस्टीट्यूट आॅफ फार्मा एज्युकेशन एण्ड रिसर्च (नाइपर) की स्थापना की जायेगी।

जयपुर में सेंट्रल इंस्टीट्यूट आॅफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग

टेक्नोलाॅजी (सीपेट) को 100 करोड़ रुपये के निवेश से अपग्रेड किया जायेगा। इससे इस संस्थान में 5000 विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। संस्थान में एमटेक एवं बीटेक कोर्सेज आरम्भ किये जायेंगे।

**प्रदेश में जिप्सम खनन क्षेत्र में 300 करोड़ रुपये का निवेश होगा तथा चित्तौड़गढ़ में 100 करोड़ की लागत से सिंगल सुपर फास्फेट संयंत्र स्थापित होगा।**

**सरकार अलवर के भिवाड़ी क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपये के निवेश से मेडिकल डिवाईसेज पार्क स्थापित करने पर विचार करेगी। ऐसे पार्क देश में पहली बार स्थापित होंगे।**

## रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु-

**रेल मंत्रालय द्वारा राजस्थान में 24 रेलवे स्टेशनों को माॅडल रियल स्टेट आइकाॅन के रूप में विकसित किया जायेगा।**

**केन्द्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्री पीयूष गोयल-**

**जयपुर शहर को वल्ड क्लास बनाने की दिशा में विद्युत सुदृढ़ीकरण के लिये आईपीडीएस योजना के तहत 325 करोड़ रुपये दिये जायेंगे। इसमें विद्युत तंत्र को मजबूत किया जायेगात था विद्युत केबल को भूमिगत किया जायेगा।**

**केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री श्री कलराज मिश्र**

**राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों पर लाइव बिजनिस इन्क्यूबेशन सेंटर (एलबीआई सेंटर) खोले जायेंगे। एलबीआई सेंटर में युवाओं को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापित करने के लिये प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने, बैंकों से ऋण उपलब्ध कराने में सहयोग दिया जायेगा तथा उद्योग स्थापित करने के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा। हर सेंटर पर लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से छोटे उद्योगों की मशीनें स्थापित की जायेंगी ताकि युवाओं को समुचित प्रशिक्षण दिया जा सके।**

**केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण-**

**राजस्थान में नेशनल इंस्टीट्यूट आॅफ डिजाइन का सैटेलाइट सेंटर आरम्भ किया जायेगा। बाद में इसे स्वतंत्र संस्थान के रूप में विकसित किया जायेगा।**

**गृह एवं कानून मंत्री सिंगापुर-**

**सिंगापुर और जयपुर के बीच सीधी हवाई सेवा आरम्भ की जायेगी।**

## राजस्थान का पर्यटन परिदृश्य और पर्यटन नीति

**भारत के 73 प्रतिशत हेरिटेज होटल राजस्थान में स्थित।**

**पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन के व्यापक विकास के लिए तीसरा पुरस्कार।**

**ग्लोबल लक्जरी ट्रेनों में पैलेस ऑन व्हील्स को पांचवां स्थान।**

**यूनेस्को की विश्व धरोहर साइट्स में राजस्थान की आठ साइट्स सम्मिलित।**

**विश्व धरोहर साइट्स की उपलब्धता में राजस्थान देश में पहले स्थान पर।**

**ट्राईपैडविजर ट्रेवलर्स चाॅइस अवार्ड 2015 द्वारा जयपुर को भारत का सबसे पसंदीदा स्थल चुना गया।**

**राजस्थान पर्यटन इकाई नीति-2015**

**मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने 4 जू़न 2015 को नई राजस्थान पर्यटन इकाई नीति-2015 जारी की।** इससे राज्य में नवीन निवेश प्रस्ताव प्राप्त होंगे। इस नीति में प्रस्तावित आर्थिक लाभ एवं रियायतें उन पर्यटन इकाइयों को भी उपलब्ध होंगी जो पूर्ववर्ती पर्यटन इकाई नीति-2007 के अन्तर्गत अनुमोदित हैं। राजस्थान पर्यटन इकाई नीति-2007 के तहत

वर्ष 2015 तक लगभग 1,500 पर्यटन इकाइयों के प्रोजेक्ट पर्यटन विभाग द्वारा अनुमोदित किए गए हैं जिनसे राज्य में लगभग 12,500 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार द्वारा यह नीति पर्यटन एवं यात्रा क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के साथ विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त तैयार की गई है।

## नीति के मुख्य बिन्दु

इस नीति में पर्यटन क्षेत्र की विभिन्न इकाइयों को व्यापक रूप से परिभाषित किया गया है, जिनमें अब होटल, मोटेल, हैरिटेज होटल, बजट होटल, रेस्टोरेन्ट, केम्पिंग साइट, माइन्स/कनवेन्शन सेन्टर, स्पोर्ट्स रिसोर्ट, रिसोर्ट, हैल्थ रिसोर्ट, एम्यूज़मेन्ट पार्क, एनिमल सफारी पार्क, रोप वे, ट्यूरिस्ट लग्ज़री कोच, केरावेन एवं क्रूज पर्यटन समिलित है।

नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन पर्यटन इकाइयों का भूमि सम्परिवर्तन निःशुल्क होगा। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नई पर्यटन इकाइयों से विकास शुल्क नहीं लिया जायेगा।

नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान हैरिटेज सम्पत्तियोंं एवं हैरिटेज होटलों को भू-सम्परिवर्तन शुल्क से मुक्त किया गया है।

भू-सम्परिवर्तन के लिये समय सीमा निर्धारित की गई है एवं यदि कोई भी प्राधिकरण निर्धारित समय में निर्णय करने में विफल रहता है तो, भूमि को स्वतः ही भू-सम्परिवर्तित मान लिया जायेगा।

हैरिटेज होटलों के आच्छादित क्षेत्र पर नगरीय विकास कर आवासीय दर से वसूल किया जायेगा किन्तु उनके खुले क्षेत्र पर नगरीय विकास कर नहीं लिया जायेगा।

**हैरिटेज होटल के लिए बी.एस.यू.पी. शेल्टर फण्ड केवल सकल निर्मित क्षेत्रफल पर देय होगा।**

**हैरिटेज होटलों को पट्टा जारी करने के लिये पात्रा माना जायेगा।**

नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हैरिटेज होटलों के लिए सड़क की चैड़ाई की कोई बाध्यता नहीं होगी।

हैरिटेज होटलों एवं पुरासम्पत्तियों के आच्छादित क्षेत्रफल का अधिकतम 10 प्रतिशत अथवा 1000 वर्ग मीटर जो भी कम हो में खुदरा वाणिज्यिक उपयोग स्वतः अनुज्ञेय होगा।

भवन योजना का अनुमोदन संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा में किया जायेगा।

पर्यटन इकाइयों को दोगुणा अर्थात् 2.25 से 4.50 एफ.ए.आर. अनुज्ञेय होगा।

सभी पर्यटन इकाइयां अपने लिए मानव संसाधन प्रशिक्षित करने हेतु राजस्थान कौशल एवं आजिविका विकास निगम के अन्तर्गत रोजगार से जुड़े कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण संस्थानों के अनुमोदन के लिए पात्र होंगीे।

पर्यटन इकाई हेतु सम्परिवर्तित एवं आवंटित भूमि की लीज राशि संस्थानिक प्रयोजनार्थ निर्धारित आरक्षित दर के आधार पर ली जायेगी।

मान्यता प्राप्त टूर आॅपरेटर के ट्यूरिस्ट लग्जरी कोचेज को स्पेशल रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट अप्रेल 2018 तक प्रदान की जायेगी।

पर्यटन इकाइयों एवं हैरिटेज होटलों को समस्त आर्थिक लाभ राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2014 के अन्तर्गत देय होंगे।

## भामाशाह योजनाः भारत की सर्वप्रथम स्मार्ट कार्ड योजना

महिला सशक्तिकरण एवं सभी गरीब परिवारों के वित्तीय समावेशन के लक्ष्य की पूर्ति हेतु वर्ष 2008 में भामाशाह योजना प्रारम्भ की गई थी। पुनः भामाशाह योजना में परिवार आधारित

लाभों को सम्मिलित करते हुए और विस्तृत कवरेज के साथ **भामाषाह योजना 2014 दिनांक 15 अगस्त, 2014 से लागू की गई।**

भामाशाह कार्ड को आधार, जनधन व मोबाइल नम्बर सेवा से जोड दिया गया है। इसमें व्यक्ति के साथ-साथ परिवार का भी पृथक पहचान नम्बर दिया गया है।

प्रदेश में इस योजना के तहत **अब तक 89 लाख परिवारों तथा 2 करोड 97 लाख निवासियों का नामांकन किया जा चुका है। विभिन्न बैंकों के रूपे कार्ड को इससे कोब्रांड किया गया है। भामाशाह योजना के माध्यम से राशनकार्ड, पेंशन, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति एवं नरेगा भुगतान के लाभार्थियों को सम्मिलित कर लिया गया है।**

प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में भामाशाह योजना के तहत **बैंकिंग सुविधा वर्ष के 365 दिन उपलब्ध कराने के लिए अटल सेवा केन्द्रों पर माइक्रो एटीएम स्थापित करने हेतु एसबीआई बैंक से आरआईसीएल द्वारा अनुबंध किया जा कर 12,000 माइक्रो एटीएम स्थापित किये जा चुके हैं।**

## अन्नपूर्णा भण्डार योजना

राज्य में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से मल्टीब्राण्ड उपभोक्ता वस्तुएं मुहैया कराने के लिए देश में अपनी तरह की पहली अन्नपूर्णा भण्डार योजना की शुरुआत की गई है। यह भण्डार ग्रामीण इलाकों में मॉल की तरह जरूरत की सभी वस्तुएं एक स्थान पर उपलब्ध करायेंगे।

उचित मूल्य की दुकानों के डीलरों को उद्यमी बनाने का यह प्रयास देश का सबसे बड़ा उद्यमिता अभियान साबित होगा। पहले चरण में यह योजना पूरे प्रदेश में पांच हजार उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से लागू की जायेगी।

वर्तमान में एक पायलट स्कीम के तौर पर जयपुर में 5 और उदयपुर में एक उचित मूल्य की दुकान पर इस योजना के तहत मल्टीब्राण्ड वस्तुओं की आपूर्ति की जायेगी।

## राजस्थान:भारत में प्रथम

**1.सीधा लाभ हस्तान्तरण शुरू करने वाला पहला राज्य।**

**2.उद्योग आधार का पंजीयन प्रारंभ करने वाला राजस्थान पहला राज्य है।**

**3.स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है।**

**4.सौर उर्जा उत्पादन में 1270 मेगावाट के साथ राज्य देशभर में पहले स्थान पर है।**

**5.सम्पूर्ण राज्य में एलईडी आधारित उर्जा दक्ष स्ट्रीट लाइट लगवाने वाला देश का प्रथम प्रदेश।**

**6.ई मित्र के माध्यम से सेवाओं की इलेक्ट्रानिक डिलिवरी प्रारंभ करने वाला देश का प्रथम प्रदेश।**

**7.उचित मूल्य दुकानों को ग्रामीण मल्टीब्राण्ड आउटलेट अन्नपूर्णा में बदलने वाला प्रथम राज्य।**

**8.राजस्थान सम्पर्क के रूप में परिवाद निस्तारण की एकीकृत आॅनलाइन व्यवस्था करने वाला प्रथम एवं एकमात्र राज्य।**

**9.61 मुख्य अधिनियम एवं 187 संशोधन अधिनियमों को विलोपित करने वाला पहला राज्य।**

**10.रोजगार सृजन के लिए श्रम कानूनों में महत्वपूर्ण संशोधन करने वाला अग्रणी राज्य।**

**11.पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल**

योजना का क्रियान्वयन करने वाला प्रथम प्रदेश।

12.देश में पहली बार किसी राज्य में सहकारिता क्षेत्र के अन्तर्गत दुर्घटना बीमा योजना में 5 लाख रूपये का बी ा लाभ देने की शुरूआत।

# राजस्थान का आर्थिक परिदृश्य

स्टार्टअप एण्ड एण्टरप्रिन्योरशिप: लघु एवं वृहद उद्यमिता क्षेत्र में देश की अग्रणी व्यवस्था वाला प्रदेश।

सोलर एनर्जी: सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में देश में पहले स्थान पर।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस: व्यवसाय करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) में देश में छठा स्थान।

एक्सेस: भारत की एक तिहाई जीडीपी, आबादी और अग्रणी औद्योगिक केंद्रों तक पहुंच।

इन्वेस्टमेंट डेस्टीनेशन्स: भारत के उभरते हुए निवेश गंतव्यों में जयपुर का दूसरा स्थान।

लैण्ड फेसिलिटेशन: राजस्थान औद्योगिक विकास एजेंसी के माध्यम से भू-सुविधा।

स्किलिंग इंडिया: कौशल भारत कार्यक्रम में निजी आईटीआई संख्या में राजस्थान का देश में पहला स्थान।

डीएमआईसी: दिल्ली-मुम्बई इण्डस्ट्रियल का ॅरीडोर का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में।

सीएजीआर: वर्ष 2009 से 2014 की समयावधि में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (कम्पाउण्ड एनुअल ग्रोथ रेट) 7.8 फीसदी।

जीएसडीपी: स्थिर मूल्यों पर राज्य का वर्ष 2014-15 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद 27.22 खरब रुपये।

देश के उत्तर पश्चिम क्षेत्रा में अवस्थित राजस्थान देश के सबसे तीव्र विकास करने वाले राज्य के रूप में उभरा है।

वर्ष 2014-15 में (2004-05 के स्थिर मूल्य पर) हमारा सकल घरेलू उत्पाद 27.22 खरब रूपये रहा।

वर्ष 2014-15 में (2011-12 में सीरीज के आधार मूल्य पर) देश के सकल घरेलू उत्पाद में राज्य का योगदान 4.9 प्रतिशत रहा।

गत 5 वर्षों में राजस्थान का सकल घरेलू उत्पाद 7.8 प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ा है।

वर्ष 2014-15 में प्रति व्यक्ति आय 33186 रूपये (2004-05 के स्थिर मूल्य पर) रही जिसकी सीएजीआर 6.43 प्रतिशत रही।

वर्ष 1990-91 में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में,

प्रमुख रूप से कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था वाले प्रदेश में कृषि का योगदान 43 प्रतिशत, उद्योग एवं सेवा क्षेत्रा का योगदान 57 प्रतिशत रहा।

अग्रिम अनुमानों के अनुसार वर्ष 2014-15 में औद्योगीकरण एवं नीतिगत पहल के फलस्वरूप औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्रा का सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 81 प्रतिशत रहेगा।

## Latest Highlights of Rajasthan Current Affairs 2016

Rajasthan Government launches Mobile App RajVayu on Air Quality Index

20 Nirbhaya buses with multiple IT-enabled safety measures launched in Rajasthan

Justice Naveen Sinha sworn-in as Chief Justice of Rajasthan HC

Indian Army conducts 'Chakravyuh-II' training exercise in Rajasthan

Union Government releases commemorative coin on Maharana Pratap

Indian Army conducts Shatrujeet battle exercise in Rajasthan

Rajasthan becomes the first state to pass land title Bill.

World Bank approved $250 million loan to Support Electricity Distribution Sector Reforms in Rajasthan.

Rajasthan inked deal with Cairn India to provide clean drinking water in Barmer.

Kachhabali becomes first liquor-free village in Rajasthan

ADB and USAID ink MoU to develop solar parks in India

Indian Air Force (IAF) has conducted its flagship day-night exercise 'Iron-fist 2016' at Pokhran firing range in Rajasthan.

Union Government gives nod for issuance of UDAY bonds to four states. These four states are Uttar Pradesh, Rajasthan, Jharkhand and Chattisgarh.

MP, Rajasthan set up SPVs for implementation of Smart City Plans.

Rajasthan Government inks MoU to join UDAY Scheme.

Nag anti-tank missile successful test fired at Mahajan Field Firing Range in Rajasthan.

India's Grid-linked solar generation capacity crosses 5,000 MW mark.